# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जून 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# बड़े-बड़े प्लांट, बड़े-बड़े मकान, बड़े-बड़े लोगो का मकान मकान बना है, बगैर प्लानिंग सीवरेज सिस्टम जल निकासी के

नगर निगम भिलाई के कोहका क्षेत्र के साकेत नगर, कृष्ण ग्रैंड सिटी, आर्य नगर, शुभम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बड़े-बड़े मकान बन गए हैं। लेकिन आज वहां पर शिवरेज, पानी निकासी सड़क की समस्या बढ़ती जा रही है। नगर निगम भिलाई द्वारा नाली बनाने के लिए भी जगह नहीं छोड़ा गया है एक दूसरे के खाली प्लाट में पानी का बहाव हो रहा है। वहां की भौगोलिक स्थिति यह है कि वह क्षेत्र बहुत ही निचले स्तर पर हैअब लाइन से मकान बन जाने के बाद पानी निकालना मुश्किल हो रहा है। जिसके कारण सड़क, नाली, पानी निकासी प्रभावित हो रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत का कहना है नाली बनाने के लिए बहुत सारे मकान तोड़ने पड़ेंगे पानी का बहाव ऊपर से नीचे के तरफ ही होगा जो मकान बनाकर या बाउंड्री वॉल बनाकर रोक दिया गया है। आड़ी तिरछी नाली बनाने पर पानी का बहाव बराबर नहीं होगा । उसका कहीं पर भी जल निकासी सड़क, बिजली का पोल, लाइट इत्यादि के बारे में कोई प्लान नहीं बनाया गया है। भू माफिया लोगों को भ्रमित करके सस्ते दर पर प्लांट बेच दे रहे हैं। बड़े-बड़े हाउसिंग फ्लैट, डुप्लेक्स मकान, कृष्ण ग्रैंड सिटी, स्वयं द्वारा मकान लोग बना लिए हैं । इसमें जनप्रतिनिधि व्यापारी, शिक्षक, प्रोफेसर, वकील, डॉक्टर, शासकीय कर्मचारी भी सम्मिलित है। आज नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर क्षेत्र के लोगों से मिले, उन्हीं से पूछे कि पानी निकासी कैसे किया जाए। क्या रास्ता निकाला जाये, स्थानीय लोगों ने भी कहा बिना सामने के बने मकानों को तोड़े पानी नहीं निकल सकता है। क्योंकि पानी का स्वभाव है ऊपर से नीचे की तरफ बहना, कई जगहों पर विद्युत पोल भी नहीं है। बास के गाड़ के लोग लाइट लिए हैं। बड़ा मकान बना लिए उसे क्षेत्र में जल भराव हो रहा है। कुछ लोगों की शिकायत है जो मकान बना रहा है वह आगे तक बढ़ करके नियम विपरीत बना रहा है। नगर निगम भिलाई का संसाधन सीमित है। प्रत्येक मकान को तोड़ना कार्रवाई करना इसकी भी एक सीमा है ।इस क्षेत्र में लगभग 8000 से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। अंदर ही अंदर नए-नए मकान भी बना रहे हैं। उन्हें यह जरुर सोचना होगा की जल निकासी के लिए जमीन स्थान तो छोड़ना ही होगा। तभी नियमानुसार प्लानिंग करके नाली का निर्माण हो सकेगा।



नगर पालिक निगम भिलाई

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांचों जोन के 31 स्थानों पर लगाए गए हजारों पौधे

भिलाईनगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी पांचो जोन में अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण मित्र, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। उद्यान विभाग द्वारा प्रमुख रूप से कार्यक्रम वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया अमृत उद्यान में आयोजित किया गया। जिसमें महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्ष जो लगाए गए अमलताश, गुलमोहर, मा ॅलश्री, कचनार, कदम्ब, बादाम, आम, अमरूद, कटहल, पीपल, नीम, करंज, जामुन आदि 3 से 4 फूट के है, जो बारिश के समय जल्द ही बड़े हो जायेगें। महापौर नीरज पाल ने बताया कि वृक्ष लगाने से ज्यादा जरूरी है, हम सब स्थानीय नागरिको एवं उद्यान विभाग द्वारा इसे जीवित रखा जावें। इसके लिए पानी, खाद एवं सुरक्षा का विशेष उपाय किया जाए। विश्व पर्यावरण के दिवस पर उद्यान में कार्य कर रहे 40 मजदूरों का सम्मान किया गया। उन्हीं के मेहनत से पेड़ हरे-भरे रहेगें। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी को निर्देशित किए कि प्रारंभिक अवस्था में ट्री-गार्ड लगाकर इसकी सिंचाई निरंतर होता रहना चाहिए। हम लोग एक पेड़ मा ॅ के नाम लगाए है, इसको देखने भी आयेगें। इसको सुरक्षित रखना उद्यान विभाग की जिम्मेदारी है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# शुद्ध पेयजल सप्लाई को लेकर आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर के वार्ड क्रं. 32 कुम्हार पारा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डायरिया प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर भिलाई निगम द्वारा अभियान छेड़ा गया है। आयुक्त स्वयं सुबह 7ः30 बजे से ही वार्ड जोन आयुक्त सतीश यादव, इंजीनियरों एवं पार्षद पति धर्मेन्द्र दिवाकर के साथ वार्डों का दौरा किए और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। जोन 03 के वार्डों में पेयजल को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी इंजीनियरों की अलग-अलग टीम बनाकर संपूर्ण वार्डों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सघन स्तर पर सफाई कार्य में जुटे हुए है, ताकि किसी भी प्रकार से जलजनित बिमारी न फैल सके। वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाईप लाइन को देखे और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। कहीं पर भी पाइप लाईन में लिकेज की समस्या आ रही है तो उसका तत्काल संधारण कराये। संधारण के दौरान वार्ड में नागरिको को किसी प्रकार की पेयजल की समस्या न हो पाए, वार्ड के सभी गली, मोहल्लो में प्रतिदिन साफ-सफाई करते रहने, जरूरत पड़े तो पानी का सेंपल लेकर उसे लैब में जाॅच के लिए भेजे। यदि पानी में शुद्वता न दिखे तो टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। मितानिन डोर-टू-डोर नागरिको के घर पर जाकर जागरूक कर रही है और आवश्यक सलाह दे रही है। आयुक्त नागरिको से मिलकर उनको समझाए किसी प्रकार की डायरिया से संबंधित कोई लक्षण दिखे तो तत्काल डाॅक्टर से सलाह ले और ईलाज कराए। बाहर के खादय सामग्री खाने से बचे, पानी उबालकर पिये, गर्म भोजन करें और सुरक्षित रहें।

तत्पश्चात सेक्टर 01 पिंक उद्यान का निरीक्षण किए और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किए की उद्यान में जो भी गाजर घास एवं अनावश्यक खरपतवार है, उसे निकलवा दिया जाए। वहां से होकर चंद्रा मोर्या टाकिज के समीप अंडरब्रिज में जलभराव की स्थिति को देखे उपस्थित कर्मचारियो से कहे कि वहां पानी का भराव न हो, जो भी कचरा फसता है उसे तत्काल निकलवा कर हटा दिया जाए। जिससे आने-जाने वाले नागरिको को किसी प्रकार की समस्या न हो और आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, सुपरवाईजर श्याम ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





# आयुक्त ने बंद फौव्वारे को चालू करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी. सदस्य लक्ष्मीपति राजू, जोन आयुक्त कुलदीप कुमार गुप्ता के साथ नगर निगम भिलाई के जोन क्रं. 05 क्षेत्र के उद्यानों एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण किए। वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 स्थित सड़क 8-9 उद्यान में स्थापित फाउंटेन संधारण एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिए उप अभियंता को निर्देशित किए। शिव धाम तालाब उद्यान की साफ-सफाई व्यवस्था को बनाये रखते हुए बारिश से पूर्व अवांछित खरपतवार एवं डालियों की कटाई-छटाई कराने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। ओवरब्रिज के बगल में लगे उद्यान में भी फौव्वारा स्थापित है, जो वर्तमान में बंद है। उपस्थित जोन आयुक्त और उप अभियंता को संधारण कर शीध्र चालू कराने निर्देशित किए, जिससे रोड साइड स्थित उद्यानों की सुंदरता और आकर्षकता बरक़रार रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सैमुएल, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता श्वेता माहेश्वर, आदि उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# संपीड़ित बायो गैस प्लांट निर्माण का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

भिलाईनगर। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन क्रं. 02 वैशाली नगर अंतर्गत डामरीकृत रोड एवं सी.बी.जी. प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका फाईनल कोटिंग बारिश से पूर्व सूखे मौसम में कराने उप अभियंता को निर्देशित किये, जिससे नागरिको के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सुन्दर विहार स्थित खसरा नम्बर 1423 में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बी.पी.सी.एल.) भारत सरकार के तहत संपीड़ित बायो गैस (सी.बी.जी.) प्लांट का निर्माण किया जाना है, निर्माण से पूर्व स्थल का निरीक्षण किया गया। प्लांट में घरो से निकलने वाले गीला कचरा, ठोस अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थो के माध्यम से बायो गैस एवं जैविक खाद का उत्पादन किया जायेगा। जिसका उपयोग परिवहन, बिजली उत्पादन, घरेलू ईंधन, जैविक खाद इत्यादि कार्यो में किया जायेगा। उक्त स्थल पर कुछ नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटाने की कार्यवाही करने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। समीपस्थ स्थित कृष्णकुंज उद्यान निर्मित किया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। उद्यान का फैसिंग तार कुछ जगहो का टूटा हुआ है, जिसका संधारण कराकर पौधा रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। वार्ड क्रं. 23 की पार्षद उषा शर्मा एवं वार्ड 22 के पार्षद पति अजय साहू के साथ घासीदास नगर स्थित गुरू घासीदास भवन का निरीक्षण किये, मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा लंबे समय से ताला बंद कर भवन को अपने कब्जे में रखा गया था। आयुक्त पाण्डेय की उपस्थिति में पंचनामा कराकर ताला तोड़वाकर भवन को रिक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





# तालाबों में उगे जलकुंभी सफाई के साथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्र. 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 40 एवं 41 में मंगल बाजार स्थित पूर्व निर्मित सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन एवं डोम शेड का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर के साथ पहुंचे। दोनो भवन की स्थिति देखरेख के अभाव में ठीक नहीं है, जिसका आवश्यक संधारण कार्य कराने साथ ही डोम शेड निर्माण संबंधी नस्ती का अवलोकन कराने जोेन आयुक्त अमरनाथ दुबे को निर्देशित किये। वही लाईट इंडस्ट्रियल एरिया में रोड साइड नाली के उपर अवैध रूप से अतिक्रमण कर नाली को जाम कर दिया गया है, जिसके कारण पानी का निकासी नहीं हो रहा है। जिसको हटाने की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। कुसुम इंडस्ट्री का औचक निरीक्षण किये, जहां नाला का निर्माण किया जाना है और आवश्यक सफाई हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त पाण्डेय, जोन आयुक्त के साथ हथखोज रोड में चल रहे निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किये। निर्माणकर्ता एजेंसी को मौसम देखते हुए डामरीकरण का कार्य शीध्र और गुणवत्ता युक्त कराने निर्देशित किये। जोन क्रं. 03 श्याम नगर तालाब मे बीड हार्वेस्टर से चल रहे जलकुंभी सफाई कार्य का अवलोकन पश्चात स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को अन्य तालाबों की सफाई कराने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रिया करसे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णामणी यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# गोकुल नगर में स्थापित होगा बायो गैस प्लांट

भिलाईनगर। जोन 02 वैशाली नगर वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ रहवासी क्षेत्र में सिवरेज लाईन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। जिससे बरसात एवं घरो से निकलने वाले पानी का निकासी आसानी से हो सके। आयुक्त ने निर्माण कार्य समय सीमा एवं कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उपस्थित उपअभियंता एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को निर्देशित किये। निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित आटो टिप्पर से डोर-टू-डोर घरो, बाजारों, दुकानों से कचरा कलेक्शन का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था में सुधार लाने सभी आटो टिप्पर में बोरी के जगह अलग से एक ब्लाक बनाने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। गोकुल नगर क्षेत्र में अव्यवस्थित बिखरे गोबर के सही उपयोग हेतु बायो गैस प्लांट की स्थापना किये जाने के संबंध में आयुक्त पाण्डेय, समाज सेवी गौ सेवक शिशिर तमोटिया एवं जोन आयुक्त के साथ निरीक्षण किये। श्री तमोटिया ने बताया कि मैं यह प्लांट स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालित करने के लिए इच्छुक हूॅ, इसको लगाने से शहर वासियों को बहुत सारे फायदे होगें, यह बायो गैस ''पाईप नेच्युरल गैस'' (पी.एन.जी.) है, यह घरेलू एल.पी.जी. ईंधन से हल्की होती है, जिसका हीट वैल्यू 6000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से किसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना नहीं होती है और स्वास्थ्य के अनुकुल है। जबकि एल.पी.जी. गैस वजन में अधिक होती है, जिसका हीट वैल्यू 13000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। गोकुल नगर में गौ पालन हेतु भूमि आबंटित किया गया था, जिसकी राशि आबंटितों द्वारा अब तक निगम कोष में जमा नहीं किया गया है। उन्हे राशि जमा करने नोटिस भी जारी किया गया है। आबंटित भूमि की राशि जमा नहीं करने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आबंटितो की होगी। भ्रमण के समय गौ पालको से इस संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# घर में सोलर पैनल लगाकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठावें

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते है। सोलर पैनल के माध्यम से घरों में आने वाले प्रतिमाह बिजली बिल को हाफ किया जा सकता है। इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान किया जा रहा है। जैसे 1 किलो वाट में केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार एवं 2 किलो वाट में केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार तथा 3 किलो वाट में केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार तक का सब्सिडी दिया जाता है। निगम के अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा ने बताया कि मैने अपने घर पर सोलर पैनल लगवाया है, पहले प्रतिमाह मेरे घर का बिजली बिल 4 हजार तक आता था, अब सोलर पैनल लगाने पर 2 हजार से भी कम आ रहा है। इसके लगने से मुझे आर्थिक लाभ मिल रहा है, साथ ही पर्यावरण के अनुकुल कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि यह शासन की बहुत महत्वकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने घर में लगाकर इसकी शुरूवात करनी चाहिए। भिलाई निगम का भी प्रयास होगा कि शासकीय कार्यालयों में भी सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल में कमी की जावे। निगम भिलाई के निवासियो, जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसायटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जावे। जिससे शासन के इस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकें।





नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम सभागार में स्ट्रीट फूड वेंडरों की कार्यशाला आयोजित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में फूड व्यवसाय करने वाले वेंडरो की कार्यशाला निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से ऐसे व्यवसायी हैं, जो रोड के किनारे खाद्य सामग्रीयों का ठेला या गुमटी लगाकर व्यवसाय करते है। मुख्य व्यवसाय जैसे- चाट, इडली, गुपचुप, दोसा, समोसा, मोमोज, चाउमिन, चाय, भजिया, सैन्डविच, बर्गर, बड़ा, भेल, बर्फ का गोला, अंडा एगरोल, कुल्फी, आईसक्रीम, मैंगोसेक, गन्ना रस इत्यादि। ऐसे व्यवसायियो को बुलाकर प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उददेश्य था कि सभी वेंडर्स को शासन द्वारा दी जा रही स्वनिधि योजना का लाभ मिले एवं वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 से अधिक संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान वेंडरो को बताया गया कि खादय सामग्री बनाते समय एवं ग्राहको को परोसते समय साफ सफाई का ध्यान रखे, कचरा इधर उधर न फेके, हाथो में ग्लब्स पहने, नाखून साफ रखे, बनाते समय पोछने वाले कपड़ो को स्वच्छ रखे, पीने का पानी एवं धोने के पानी में दुरी रखे, पाउच एवं तम्बाखू खाकर व्यवसाय न करें, स्वच्छ कपड़ा पहनकर व्यवसाय करें, जहां बनाते है वहां गंदगी न रखे, पकाने वाले तेल का एक्सपायरी तिथि को ध्यान में रखे और उसी तेल को बार बार न उपयोग में लायें। कार्यशाला के दौरान निगम से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम हेड अंकित राठौर, कलस्टर लीडर पवन साहू, प्रोग्राम कार्डिनेटर भोजराम साहू, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन मैनेजर नलनी तनेजा, सेक्टर हेड सुभाष डोंगरे, टीकाराम साहू, योगेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यो को दी स्वीकृति

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में महापौर जी इंदौर दौरा से प्रभावित होकर अपने अनुभवों का खुलकर साझा किये और पार्षदों को प्रशिक्षित कराने हेतु चर्चा किये। स्वयं का कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने का सलाह दिये। विकास कार्य हेतु विभिन्न संसाधनों की वृद्वि हेतु शासन से मांग के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालना कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति किये जाने सर्व सम्मति से पारित किया गया। महापौर पाल ने बताया कि इंदौर जैसे बड़े शहर में अपना स्वयं का कार्ययोजना एवं नियम बनाकर कार्य करते है, जिसके कारण उन्हे स्वच्छता में नम्बर 1 का अवार्ड मिल रहा है एवं उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। इंदौर में जनप्रतिनिधियों के जन्म दिन की बधाई संदेश एवं विशेष समारोह में बड़े एवं छोटे होर्डिंग लगाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किए हैं। होर्डिंग पर खर्च होने वाले राशि का उपयोग पुण्य कार्यो में लगाया जाता है। इसी प्रकार भिलाई में भी हमे अपना कार्ययोजना एवं नियम बनाकर कार्य करना होगा। जिससे हमारे शहर की स्वच्छता के साथ-साथ निगम की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी। इसके लिए सभी पार्षदों को एक साथ इंदौर के कार्यप्रणाली को देखने प्रशिक्षण सह भ्रमण पर जाने की जरूरत है। जिससे पार्षदों को शहर की स्वच्छता एवं निगम के आय स्रोत के महत्वपूर्ण पहलूओं के बारे में जानकारी मिल सके और नगर निगम के सर्वांगिंन विकास में सभी पार्षदों का पूर्णतः सहयोग मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से 18 एजेण्डा एवं अतिरिक्त 2 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा हुई। नगरीय निकायों में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 के टाईड बेसिक ग्राण्ट की प्रथम किश्त राशि के अंतर्गत निगम क्षेत्रांतर्गत कचरा परिवहन हेतु कम्पेक्टर 14m3 टन क्षमता का वाहन क्रय, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य हेतु मिनी टिप्पर वाहन क्रय एवं बड़े एवं छोटे नालो की सफाई हेतु मिनी चैन एक्सीवेटर क्रय करने को सर्व सम्मति से मंजुरी दी गई। राधिका नगर में पूर्व निर्मित स्लाटर हाउस के संचालन के लिए नियम-शर्तो में संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रण किये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने निर्माणाधीन उद्यान, नाला सफाई एवं सिवरेज लाईन कार्य का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रं. 01 नेहरू नगर वार्ड क्रं. 02 जुनवानी दीनदयाल कालोनी, स्मृति नगर एवं त्रिवेणी नगर में उद्यान विकास का कार्य चल रहा है, जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल के साथ पहुंचे। निर्माणाधीन उद्यान का जायजा लेते हुए सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किये, कि बरसात का मौसम आ गया है, उद्यान का निर्माण कार्य अतिशीध्र पूर्ण कराने के साथ कार्य की गुणवत्ता बनाये रखते हुए वृक्षारोपण का कार्य कराने आदेशित किया गया है। जुनवानी रोड स्थित जाम नाले के उपर से स्लैब हटवाकर सफाई कराने जोन आयुक्त अजय राजपूत एवं सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किये, जिससे बरसात के पानी का निकासी आसानी से हो सके और कहीं भी जल भराव की स्थिति न बनी रहे। साथ ही दीनदयाल तालाब का अवलोकन करते हुए, फूड जोन का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराने सहायक अभियंता को निर्देशित किये। वार्ड क्रं. 04 शिवाजी चौंक से एस.एल.आर.एम सेंटर तक सिवरेज लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी एवं निर्माणाधीन एजेंसी को निर्देशित किए कि सिवरेज लाइन का कार्य यथाशीध्र पूर्ण कर लिया जावे, जिससे स्थानीय नागरिको को किसी प्रकार की समस्या न हो।




**Editorial Board**

श्री राजीव कुमार पाण्डेय
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री तिलेश्वर साहू
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई